# समाचार

## महापौर ने किया प्राथमिक शाला रामपुर का निरीक्षण

## (बच्चों से ली सामान्य ज्ञान की जानकारी, शिक्षा की गुणवत्ता पर दिया बल)



कोरबा 26 अगस्त 2016 —महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज प्राथमिक पाठशाला पी.डब्ल्यू.डी.रामपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया, उन्होने कक्षा 01 से 05 तक के बच्चों से उनके सामान्य ज्ञान की जानकारी ली, अध्यापन कार्य के संबंध में पूछा तथा शैक्षणिक गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिये जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिये।

डॉ. अब्दुल कलाम शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के कोसाबाड़ी जोनांतर्गत स्थित शासकीय प्राथमिक पाठशाला पी.डब्ल्यू.डी. रामपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होने विद्यालय के कक्षा 01 से 05 तक के छात्र—छात्राओं से स्कूल में किए जाने वाले अध्यापन कार्य के साथ—साथ बच्चों के सामान्य ज्ञान की जानकारी ली। उन्होने विद्यालय की अन्य व्यवस्थाओं का सघन रूप से अवलोकन करते हुए बच्चों से मध्यान्ह भोजन के संबंध में भी जानकारी ली। इस मौके पर उन्होने कहा कि शैक्षणिक गुणवत्ता आज की बड़ी आवश्यकता है तथा शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाना अत्यंत जरूरी है, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से ही बच्चों का सही मानसिक विकास होगा तथा उन्हें रोजगार परक शिक्षा प्राप्त हो सकेगी। इस अवसर पर वार्ड पार्षद पालूराम साहू , विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी संजय अग्रवाल, जे.आर.सी. जे. एस. पोर्ते, प्रधानपाठक व्ही.के. कसेर, कु. सोफिया सहित शाला के अन्य अध्यापकगण एवं छात्र—छात्राएं उपस्थित थी।